# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:-16.04.2024

दिनांक 17.04.2024 को जोधपुर शहर में श्री रामनवमी महोत्सव पर एक विशाल शोभायात्रा नई सड़क से प्रातः 09.30 बजे पुजा अर्चना के बाद घण्टाघर, कन्दोई बाजार, सिटी पुलिस, आडा बाजार, कुम्हारियां कुआं, बालवाड़ी, जालोरीगेट होते गोल बिल्डिंग, सरदारपुरा बी रोड़ होकर सत्संग भवन पहुंचकर विसर्जित होगी। रामनवमी के पर्व की शोभायात्रा में धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक झांकिया एवं सुसज्जित अखाड़ आदि सम्मिलित होगें। इस शोभायात्रा के दौरान यातायात की विशेष व्यवस्था निम्न प्रकार रहेगी।

1. शोभायात्रा के दौरान घण्टाघर की तरफ किसी भी प्रकार का वाहन नहीं आ-जा सकेगा। इस तरफ केवल पैदल व्यक्ति ही आ-जा सकेगें। रूट संख्या 06 व 10 की सिटीबसों का आवागमन घण्टाघर की ओर बन्द रहेगा।
2. शोभायात्रा के दौरान सिरे बाजार घण्टाघर से आडाबाजार होते हुए जालोरीगेट तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।
3. शोभायात्रा का अगला सिरा बालवाड़ी पहुंचने पर शनिश्चरजी का थान, पांचवी रोड़ की तरफ से आने वाले यातायात को पांचवी रोड, 12वीं रोड व रेजीडेंसी की तरफ डाईवर्ट किया जायेगा। इसी प्रकार नई सड़क चौराहा से जालोरीगेट की तरफ जाने वाला यातायात पुरी तिराहा, रेल्वे स्टेशन, ओलम्पिक तिराहा, तारघर मोड़, मेहता भवन, जलजोग होते हुए 12वीं रोड़ की तरफ संचालित होगा।
4. शनिश्चर जी का थान से जालोरीगेट एम.जी.एच. से जालोरीगेट, ओलम्पिक तिराहा से जालोरीगेट व जालोरीगेट से गोल बिल्डिंग तक शाोभायात्रा के सत्संग भवन में प्रवेश करने तक शोभायात्रा में सम्मिलित होने वाले वाहन ही आ-जा सकेगें यह प्रतिबन्ध रूग्ण एवं मरीजों के अस्पताल आवागमन पर प्रभावी नहीं होगा। आमजन से अपील की जाती है कि वह किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए कृपया वैकल्पिक मार्गो का उपयोग करें।

आपके सहयोग की अपेक्षा में - यातायात पुलिस, कमिश्नरेट जोधपुर

(शरद चौधरी)
पुलिस उपायुक्त,
यातायात, आयुक्तालय जोधपुर